भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 14 सितंबर 2023 को हिंदी दिवस मनाया गया एवं साथ ही हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में पुणे, महाराष्ट्र में हिंदी दिवस के शुभारंभ के साथ ही श्री अरुण सिंह रावत, महानिदेशक भा.वा.अ.शि.प. ने परिषद् में हिंदी पखवाड़े का समारंभ किया जिसमें भा.वा.अ.शि.प. के समस्त अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अरूण सिंह रावत ने गत वर्ष राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के क्षेत्र में हुई प्रगति पर चर्चा की एवं राजभाषा हिंदी के निरंतर प्रयोग हेतु प्रतिबद्धता जताई। उन्होनें हर्ष व्यक्त किया कि हमने विगत वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है किंतु हमें संपूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने तक चलते रहना है। उन्होने कहा कि हमें हिंदी को सहजतापूर्वक प्रयोग करने की आवश्यकता है। श्रीमती कंचन देवी, उपमहानिदेशक, शिक्षा ने कहा कि हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए एक कहा कि हिंदी के विकास के लिए हमें बिना थके प्रय़ास करते रहना होगा। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी के विकास के लिए प्रयत्नशील लोगों के उत्साहवर्धन हेतु एक कविता पाठ भी किया।

शुभारंभ के अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार, उपमहानिदेशक, (विस्तार) ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु परिषद में किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि राजभाषा हिंदी में लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए परिषद प्रत्येक वर्ष हिन्दी पत्रिका तरूचिंतन का प्रकाशन करती है। तरूचिंतन का प्रकाशन वर्ष 2009 से लगातार हो रहा है और इस साल इसका 15वां अंक प्रकाशित होगा। परिषद् की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की तरफ सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने बताया कि परिषद् ने इस वर्ष **‘कृषि वानिकी पर महत्वपूर्ण प्रश्न’** नाम से एक पुस्तक प्रकाशित की है जो कृषि वानिकी से जुड़े लोगों के लिए बहुत लाभदायक है और मंत्रालय ने भी इस पुस्तक की प्रशंसा की है। पिछले हिंदी पखवाड़े का जिक्र करते हुए उन्होने यह भी बताया कि पिछले वर्ष की 9 प्रतियोगिताओं में 102 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। उन्होने वर्तमान हिंदी पखवाड़े के दौरान होने वाली प्रतियोगिताओं में सभी के भाग लेने का आहवान भी किया।

डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग ने हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ के अवसर पर महानिदेशक महोदय एवं सभी उपस्थित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित श्री एस.डी. शर्मा भा.व.से., (सेवानिवृत्त) का उन्होंने इस कार्यक्रम में आने एवं सुर-संगम की प्रस्तुतिकरण के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। डॉ. जोशी ने अपने संबोधन में सभी कार्मिकों से पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

हिंदी दिवस के अवसर पर परिषद् में सुर-संगम का आयोजन भी किया गया। इस विशिष्ट कार्यक्रम में परिषद् के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी गायन एवं वादन कला का शानदार परिचय दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे आमंत्रित श्री एस डी शर्मा, भा.व.से., (सेवानिवृत्त) एवं उनकी टीम ने अपने गायन से शमां बांध दिया।

शुभारंभ कार्यक्रम में श्री ए.एस. रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., श्री एस.डी. शर्मा, भा.व.से., (सेवानिवृत्त), श्रीमती कंचन देवी, उप महानिदेशक, (शिक्षा) एवं (अंतरराष्ट्रीय सहयोग), डॉ. सुधीर कुमार उपमहानिदेशक, (विस्तार), डॉ. ए.एन. सिंह, सहायक महानिदेशक, पर्यावरण प्रबंधन, भा.वा.अ.शि.प. के अन्य प्रभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय में हिंदी पखवाड़े का कार्यक्रम 14 सितंबर 2023 से 29 सितंबर 2023 तक चलेगा। हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह 29 सितंबर 2023 को आयोजित किया जाएगा।

हिंदी दिवस की कुछ झलकियां

हिन्दी पखवाड़ा का समारंभ
एवं सुर संगम
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय

EXIT

EXIT